उष्ण कटिबंधिय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा लघु वनोपज मेले में स्टाल द्वारा अनुसंधान निष्कर्षों का प्रदर्शन

मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, द्वारा भोपाल में दि.11 से 15 दिसंबर, 2015 के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय जड़ी-बूटी मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में वनों पर निर्भर अनुसूचित जनजातियों एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अन्य जनों द्वारा वनोपज सहकारी समिति के माध्यम से एकत्रित एवं संग्रहित किये गये हर्बल उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाता है। यह मेला निजी हर्बल उत्पादनकर्ताओं को भी ज्ञान, उत्पाद प्रदर्शन एवं विक्रय के लिये उपयुक्त मंच उपलब्ध कराता है।

संस्थान द्वारा इस अंतर्राष्ट्रिय लघुवनोपज मेले में संस्थान की अनुसंधान की अनुसंधान गतिविधियों का प्रदर्शन प्रतिरूपों, नमूनों, बैनर, पोस्टर तथा अन्य विस्तार विधियों जैसे मुफ्त व सशुल्क प्रकाशित सामग्रीयों द्वारा किया गया। इन विभिन्न प्रदर्शन सामग्रीयों द्वारा लाख की खेती, कृषि वानिकी के विभिन्न मॉडल, वनों की सुरक्षा के उपाय, इमारती लकड़ी को हानि पहुँचानें वाले नाशिकीटों का जैविक प्रबंधन, केचुआ खाद का उत्पादन, विभिन्न वृक्ष प्रजातियों के फूलों आदि से प्राकृतिक रंगों का उत्पादन, लघु वनोपज का बिना गुणात्मक ह्रास के कम लागत से बने ड्रायर में सुखाना इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। संस्थान द्वारा स्थापित स्टाल का शैक्षणिक संस्थाओं जैसे विद्यालय, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के छात्रों, किसानों, व्यापारियों, वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, वैद्यों, उद्दमियों व ग्रहणियों आदि नें भ्रमण किया व संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। सभी भ्रमणकर्ताओं ने स्टाल में प्रदर्शित की गई जानकारियों की भूरी-भूरी सराहना भी की। संस्थान की ओर से वन विस्तार प्रभाग की डा. ममता पुरोहित, अनुसंधान अधिकारी, डा. के.सी. चौधरी, अनुसंधान सहायक-एक, व विस्तार प्रभाग के श्री दीपक यादव, तकनीकी सहायक द्वारा प्रदर्शन का कार्य संपन्न किया गया।

स्रोतः वन विस्तार प्रभाग

स्रोतः वन विस्तार प्रभाग